<u>**बिहार सरकार**</u>

<u>**जल संसाधन विभाग**</u>

पत्रांक :–1 /पी.एम.सी./विविध/161/2023–<u>739</u>

प्रेषक,

**ई0 प्रमोद कुमार,**
अधीक्षण अभियंता,
योजना एवं मोनिटरिंग अँचल–1,
जल संसाधन विभाग,पटना।

**विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।**

सेवा में,

**मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन**
मोतिहारी / सिवान / दरभंगा / सहरसा / भागलपुर /
<u>नालंदा, बिहारशरीफ / गया / औरंगाबाद / डिहरी।</u>
**मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,**
गोपालगंज / मुजफ्फरपुर / समस्तीपुर / वीरपुर / कटिहार / पटना।

पटना / दिनांक :– 27/9/2023

**विषयः–** **परिक्षेत्राधीन चल रही परियोजनाओं में CBuD App के माध्यम से Enquiry Generate करवाने के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **विभागीय प्रत्रांक–205, दिनांक– 20.03.2023**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सभी Work Order, Award Letter एवं Permission Letter में संवेदकों द्वारा CBuD App का उपयोग करने संबंधी एक कंडिका अनिवार्य रूप से शामिल का विभागीय निदेश पूर्व में ही निर्गत है।

सूचना प्रावैधिकी विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि कतिपय खुदाई करने वाली एजेन्सियों के Excavators द्वारा CBuD App पर खुदाई के पूर्व Intimation Generate नहीं किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि आपके परिक्षेत्राधीन चल रही परियोजनाओं में कार्यरत Excavators द्वारा खुदाई से पूर्व CBuD App पर Intimation Generation सुनिश्चित कराया जाय एवं सूचना प्रावैधिकी विभाग के पत्र के साथ संलग्न विहित प्रपत्र में आँकड़े भरकर भेजा जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

27/09/2023

**(प्रमोद कुमार)**
अधीक्षण अभियंता

पत्रांक : 07–सू०प्रा०–01 / 2023.....1740

**बिहार सरकार**
**सूचना प्रावैधिकी विभाग**

प्रेषक,

संतोष कुमार मल्ल,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,**
नगर विकास एवं आवास विभाग / ऊर्जा विभाग / परिवहन विभाग / पथ निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / योजना एवं विकास विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक : 18/09/23

विषय :– **राज्य में चल रही परियोजना में CBuD App के माध्यम से Enquiry Generate करने के संबंध में।**

प्रसंग : **विभागीय पत्रांक–279 दिनांक–06.02.2023 एवं पत्रांक–981 दिनांक–12.05.2023**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार राज्य में चल रही परियोजना में CBuD App के माध्यम से User Creation में राज्य के विभिन्न विभागों की प्रगति उत्साहजनक है एवं बिहार सर्वाधिक user creation में देश दूसरे स्थान पर है।

परन्तु user creation के बावजूद कतिपय खुदाई करने वालों एजेन्सियों के Excavators के द्वारा CBuD App पर खुदाई के पूर्व Intimation Generate नहीं किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2023–24 में बिहार राज्य के लिए न्यूनतम 500 Intimation Generate करने का लक्ष्य रखा गया है, परन्तु अबतक मात्र **48 (9.6%)** intimation ही generate हुए हैं।

पूर्व में भी विभागीय पत्र के द्वारा निम्न सुधारात्मक कार्रवाई करने हेतु अनुरोध किया गया था :-

1. सभी विभागों के अधीन खुदाई करने वाली एजेन्सीयों को यह निदेशित किया जाना है, कि उनके सभी Excavators द्वारा CBuD App पर Self Registration कर लिया जाय एवं सरकारी परिसंपत्तियों पर खुदाई के पूर्व CBuD App के माध्यम से Intimation भेजा जाय। ताकि उस क्षेत्र के संबंधित CBuD नोडल एवं Excavator के आपसी सामंजस्य के द्वारा परिसंपत्तियों को खुदाई के दौरान होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।
2. परिवहन विभाग द्वारा राज्य में Register किये गये सभी Excavation Vehicle Owner/ Excavators को CBuD App पर Self Registration करने एवं कंडिका–1 में वर्णित निदेशों के अनुपालन हेतु निदेशित किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि इस परियोजना के सुचारू एवं सफल संचालन हेतु सभी Excavators के द्वारा सरकारी परिसंपत्तियों पर खुदाई से पूर्व CBUD App पर Intimation Generation करना सुनिश्चित करवाया जाए। साथ ही आपके विभाग (परिवहन विभाग को छोड़कर) के Excavators के द्वारा CBuD App पर Generated Intimation की सूचना प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह तक इस विभाग को प्रेषित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,

संतोष 18/9/23

(संतोष कुमार मल्ल)
सरकार के प्रधान सचिव

अपर मुख्य सचिव
जल संसा...
गै०स०प्र०स०.... 6727
दिनांक.... 19/09/23

डायरी सं०.... 4583
दिनांक 20.9.2023
... मोनिटरिंग ... पटना

# Monthly Report for Intimation generation on CBuD App

**Date : …………**

**Name of Department:** ………………………………………

| S.No. | Performance Indicator | Count |
|---|---|---|
| 1. | Intimation Generated by Excavators in Month……………………, 2023 | |
| 2. | Cumulative no. of intimations generated in FY(2023-24) | |